कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College code : 1602

दुर्ग, दिनांक ....

/प्रेस विज्ञप्ति/

ईमानदारी – एक जीवन शैली

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड निगमन कार्यालय, भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'ईमानदारी – एक जीवन शैली' था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल, अध्यक्षता श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, एफएसएनएल एवं विशेष अतिथि श्री सुरेश माधवन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एफएसएनएल थे। मुख्य अतिथि डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में सभी जगह भ्रष्टाचार व्याप्त है। हमारा दायित्व है कि आसपास के वातावरण, स्कूल व कॉलेज तथा व्यक्ति जिस क्षेत्र में कार्य करता है वहां लोगों को ईमानदार रहने के लिए प्रेरित करें और हम भी अपने प्रत्येक कार्य में ईमानदारी को अपने जीवन शैली का एक अंग बनाए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने सतर्कता जागरूकता आज अत्यंत अनिवार्य हो गया है। शुरसा की तरह बढ़ते हुए भ्रष्टाचार को हम सतर्कता जागरूकता के माध्यम से दुर कर सकते हैं। विशेष अतिथि श्री सुरेश माधवन ने उद्बोधन में कहा कि भारत में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि सतर्क रहते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाऐं। छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष कु0 रूचि शर्मा ने कहा कि रिश्वत लेना और देना दोनों अपराध है।युवा ही देश का भविष्य है। उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे आकर समाज में बदलाव लाना है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कु0 वैभवी चौबे एवं कु0 लीपिका गजभिये प्रथम स्थान पर रहीं। डॉ0 ऋचा ठाकुर, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 सुचित्रा खोब्रागढ़े, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती साधना पारेख प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा सप्ताह, सतर्कता एवं संस्कार विकास हेतु कार्य किया गया। छात्राओं की जागरूकता रैली, जागरूकता दौड़ को डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखायी। उन्होनें छात्राओं तथा महाविद्यालय परिवार को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 ऋचा ठाकुर ने किया। श्री छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी, कु0 प्रज्ञा मिश्रा, कु0 दुर्गा, कु0 विभा कसेर का विशेष योगदान रहा।

प्राचार्य

I/C PRINCIPAL
Govt. Dr W W Patankar
Girls' PG. College. Durg (C.G.)

CREATED BY: D// HEMANT SAHU// NSS PANJIYAN //2018-19